बालिका शिक्षा के विकास में आवासीय शिक्षण शिविरों की भूमिका–प्रो. (डॉ.) मंजू शर्मा; टीना चौधरी 1173
भारत में थर्ड जेंडर स्थिति : बेहतर और बदत्तर?–दिव्या 1179
स्वच्छता पर गाँधीवादी दृष्टिकोण–गुलशन कुमार 1183
मानवाधिकार एवं महिलाऐं : राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में–समिधा सिंह 1186
डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर के राजनीतिक विचारों का परीक्षण–फरीद आलम 1189

समकालीनता के परिप्रेक्ष में अनु मेहता की कविताएँ–डॉ. अरविन्द कुमार यादव 1192
स्थानीय स्वशासन में महिलाओं की सहभागिता–डॉ. संध्या जायसवाल; विनीता गुप्ता 1197
भारतीय नयी शिक्षा नीति (2020) में गांधी–देवेन्द्र कुमार 1203
लैंगिक असमानता की समस्या और मैत्रेयी पुष्पा की कहानियाँ–डॉ. गुलाम फरीद साबरी 1205
द्वारिका प्रसाद तिवारी "विप्र" के काव्य में गांधीवाद का प्रभाव–डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल 1208
वर्तमान व्यावसायिक परिदृष्य में ई-कामर्स की उपयोगिता–डॉ. दिलीप कुमार गुप्ता 1213
असहयोग आंदोलन में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की भूमिका–मो. फिरोज अंसारी 1218
भारतीय संस्कृति एवं एकात्म अर्थ चिंतन–प्रो. शिवदयाल सिंह; धीरज कुमार पारीक 1220
विद्यार्थियों के लक्ष्य निर्धारण में आकांक्षा स्तर की उपादेयता–मधु गुप्ता; डॉ. रेखा शुक्ला 1223
छिन्नमस्ता: अस्तित्व एवं अस्मिता की तलाश–नम्रता; डॉ. प्रभात रंजन 1228
भूमण्डलीकरण के दौर में गाँव : 'ग्लोबल गाँव के देवता' उपन्यास के संदर्भ में–डॉ. रम्या बालन. के 1231
शेखावाटी के पर्यटक स्थल एक भौगोलिक अध्ययन–डॉ. विनोद कुमार सैनी 1235
हरियाणा में प्राथमिक कार्यों में लैंगिक विषमता: एक प्रादेशिक विश्लेषण–डॉ. विजय प्रकाश 1239
इतिहास के दृष्टिकोण से साहित्य, मनोविज्ञान और वाणिज्य का अवलोकन–डॉ. स्नेहलता सिंह 1245
भूमंडलीकरण और नई कहानीकार–अनवर खान; डॉ. बी.एन. जागृत 1248
गांधीवादी राज्य : भारत में एक विकल्प–सुभाष चन्द उपाध्याय 1250
नई शिक्षा नीति 2020 और दिव्यागंता–डॉ. रितेश सोलंकी 1254
वर्तमान संदर्भ में बच्चे के पालन-पोशन में माता-पिता की भूमिका : एक सामान्य विश्लेषण–संजीव कुमार 1261
झुग्गी झोपड़ियों में शैक्षिक समस्याएं एवं चुनौतियाँ : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन–मानस उपाध्याय 1264
जैनेन्द्र के उपन्यासों में जीवन दर्शन एवं उसका महत्व–आशीष यादव 1269
मरिआई : महाराष्ट्र के विशेष संदर्भ में ऐतिहासिक अध्ययन–डॉ. अतुल अर्जुन ओहाल 1271
हिन्दी साहित्य में मीडिया का बदलता स्वरूप–मीनाक्षी सिंह 1273
रहीम और तुलसी रचित नीति के दोहों की प्रासंगिकता–डॉ. निर्मल चक्रधार 1276
भारतीय जीवन – मूल्य : विदेशियों की दृष्टि–डॉ. सुप्रिया पी. 1280
यात्रा-वृत्तान्त में पाकिस्तान का साक्ष्य (चयनित यात्रा-वृत्तान्तों के संदर्भ में)–स्मृतिरेखा नायक 1282
विष्णु प्रभाकर के नाटकों में नारी का स्वरूप–स्मिता शर्मा; डॉ. चित्रा 1287
मोहन राकेश के नाटकों के नायक–प्रा. डॉ. विजया जगन्नाथ पिंजारी शिंदे 1290
विशिष्ट भौतिक विकास और व्यावहारिक दृष्टिकोण के लिए विशेष योजनाओं में छात्रों के लिए खेल–डॉ. मंजू शर्मा; आरती गुप्ता 1294
भारतीय खेल प्रबन्ध - एक विश्लेषणात्मक अध्ययन–डॉ० अमित कुमार सिंह 1300
अभिनय प्रस्तुतिकरण में सात्विक भावों का विश्लेषण–डॉ. आदीश कुमार वर्मा 1303
नरेंद्र वर्मा का व्यक्तित्व एवं कृतित्व–डॉ. सविता मिश्रा; चंचल बाला 1305
राजस्थान में पर्यटन विकास : उदयपुर जिले के विशेष सन्दर्भ में–भूमिका मेघवाल; डॉ० वन्दना वर्मा 1308
भारत में ब्रिटिश कालीन न्याय व्यवस्था : ऐतिहासिक परिचय–सौरभ कुमार जैन 1314
विकास की वर्तमान अवधारणा और गांधीवाद–डॉ० पिंकी पुनिया 1317
सीकर जिले में भूमिगत जल स्तर : श्रीमाधोपुर तहसील का एक विश्लेषण–दिलबाग; डॉ० मोनिका रोत 1322
राहुल सांकृत्यायन के यात्र-साहित्य में ग्रामीण लोकजीवन एवं सांस्कृतिक परिदृश्य–निशा चौहान 1325
गांधीवादी दृष्टिकोण में कल्याणकारी राज्य का सिद्धांत–ऋतेश भारद्वाज 1329
इतिहास भर में अफ्रीका–प्रशांत कुमार वशिष्ठ 1335
बांग्लादेश में बदलती दलीय प्रणाली की रूपरेखा–वीना कुकरेजा 1339
भारतीय राष्ट्रवादी विचार की विभिन्न धाराएँ–डॉ. प्रशांत देशपांडे 1344

प्राचीन भारतीय समाज में प्रचलित विवाह पद्धति एवं वैवाहिक विधि-विधानों का एक ऐतिहासिक अध्ययन

सम्पत्ति

शोधछात्रा (Corresponding Author)

प्रो. डी.पी. सकलानी

आचार्य, इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, हे.न.ब.ग.वि.वि., श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखण्ड़, 246174

शोध सार

विवाह मानव समाज द्वारा निर्मित एक अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रथा एवं सामाजिक संस्था है, जो मानव के सामाजिकीकरण के साथ ही विकसित हुई। मनुश्य की यौन और सन्तानोत्पत्ति की मूल प्रवृत्तियों की संतुष्टि को विवाह के माध्यम से ही संभावना मिली तथा वंष, कुल और परिवार की निरन्तरता विवाह संस्था से ही निर्मित हुई तथा जीवन के विविध पक्ष इसी से अनुप्राणित होते रहे हैं। सही अर्थों में विवाह किसी भी मानवीय समाज की प्रमुख शाखा परिवार का प्रधान आधार रहा है, जिससे संतान की उत्पत्ति के साथ-साथ उसका विकासक्रम भी अभिव्यक्त होता है। भारतीय समाज में विवाह एक महत्वपूर्ण संस्था के रूप में प्रत्येक समयकाल में उपस्थित रही है। प्रस्तुत शोधपत्र में प्राचीन भारतीय समाज में प्रचलित विवाह के स्वरूप एवं विधि-विधानों के निश्पादन प्रक्रिया का एक ऐतिहासिक अध्ययन किया जा रहा है।

मुख्य शब्द- विवाह, ऋग्वेद, अथर्ववेद, गृह्यसूत्र, मनुस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृति।

प्रस्तावना

विवाह का अर्थ एवं ऐतिहासिक परिचय- विवाह शब्द 'संस्कृत' भाषा के वि़वाह शब्दों से मिलकर बना है, जिसका शाब्दिक अर्थ है- विषष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। साधारणत: 'विवाह' शब्द का अर्थ है वधू को उसके पिता के घर से विशेष रूप में ले जाना अथवा किसी विषेष कार्य के लिए अर्थात् पत्नी बनाने के लिए ले जाना।[1] विवाह के लिए संस्कृत में अनेक शब्द प्रचलित हैं जैसे- उद्गाह, परिणय, उपयम व पाणिग्रहण आदि। **'उद्वाह'** का अर्थ है, वधू को उसके पिता के घर से ले जाना। **'परिणय'** का अर्थ है चारों ओर घूमना अर्थात् अग्नि की परिक्रमा अथवा प्रदक्षिणा करना। **'उपयम'** का अर्थ है किसी को निकट लाकर अपना बनाना तथा **'पाणिग्रहण'** का अर्थ है वधू का हाथ ग्रहण करना।[2] विवाह की आधुनिक समाजशास्त्रीय परिभाषा के अनुसार विवाह दो व्यक्तियों अर्थात् एक पुरुष व एक स्त्री के धार्मिक अथवा कानूनी रूप से एक साथ रहने के लिए प्रदत्त सामाजिक मान्यता है एवं यह मानव समाज की अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रथा व समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई परिवार का मूल है व मानव जाति के सातत्य को बनाए रखने का प्रधान जीवषास्त्रीय माध्यम भी।[3] अत: आधुनिक समाजशास्त्री एवं धर्मशास्त्री समाज द्वारा अनुमोदित परिवार की स्थापना करने वाली किसी भी पद्धति को विवाह मानते हैं व उस क्रिया, संस्कार विधि या पद्धति को स्वीकार करते हैं जिससे पति-पत्नी के स्थायी संबंधों का निर्माण होता है। पाष्चात्य समाजशास्त्री वेस्टरमार्क ने विवाह को नियन्त्रित यौन संबंध से अधिक उद्देश्य वाला स्वीकार करते हुए स्पष्ट किया है कि- ''विवाह एक या अधिक पुरूषों का एक या अधिक स्त्रियों के साथ जुड़नेवाला वह संबंध है जो ऐसी प्रथा अथवा कानून द्वारा स्वीकार किया जाता है जिसमें दोनों पक्षों और उनसे उत्पन्न होने वाली संतानों के अधिकार और कर्त्तव्य समाविष्ट होते हैं।''[4]

वैवाहिक विधि-विधानों के विकास के पूर्ण तथा यथार्थ ज्ञान के लिए यह समझना आवश्यक है कि विवाह नामक संस्था का उद्भव किस प्रकार, क्यों? और किन परिस्थितियों में हुआ तथा वह कौन सी परिस्थितियां रहीं जिनसे विवाह-संस्था का विकास हुआ? मानव समाज में विवाह संस्था के प्रादुर्भाव के संबंध में इतिहासकारों व समाजशास्त्रियों का मानना है कि मानव जीवन के प्रारम्भिक काल में प्राचीन मानव समाज घुमन्तू था। इनके द्वारा सभ्यता के विकास से पहले तक दलवृत्ति में रहकर ही आपसी संबंध रखे जाते थे। स्त्री और पुरुष के मध्य शारीरिक संबंधों की स्वच्छन्दता थी और किसी स्त्री द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद वही उसकी संरक्षिका होती थी। पुरुष की उस बच्चे के पालन-पोषण में कोई भागीदारी नही होती थी। समय के साथ जब यह कृषि समाज की ओर मुड़े तो महिलाओं द्वारा बच्चे के पिता अथवा उसके पितृसत्तात्मक संरक्षक तथा विभिन्न अवधियों के लिए माता व नवजात शिशु की रक्षा व उनके

लिए उस अवधि में भोजन की आवश्यकता महसूस की गई। अत: अब समाज मातृसत्तात्मक से पितृसत्तात्मक की ओर मुड़ चला और अब मनुष्य में अपना परिवार जिसमें एक पत्नी और बच्चे की प्रवृत्ति का विकास हुआ, जो आगे चलकर विवाह जैसी संस्था के रूप में समाज में स्थापित हुआ। अत: विवाह संस्था की इस विचारधारा से ही परिवार रूपी संस्था का विकास हुआ, जिसमें स्त्री-पुरुष द्वारा साथ रहकर अपने बच्चे के लिए समान कर्त्तव्यों का निर्वहन कर उनका पालन-पोषण करने की भावना का विकास हुआ।[5]

भारतीय संस्कृति में विवाह की अवधारणा- प्राचीन हिन्दू मान्यताओं के अनुसार मानव जीवन को चार आश्रमों (ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ व सन्यास) में विभक्त किया गया है और गृहस्थ आश्रम के लिए पाणिग्रहण संस्कार अर्थात् विवाह नितान्त आवश्यक बताया गया है। इसीलिए अधिकांश गृह्यसूत्रों का आरम्भ ही विवाह संस्कार से होता है, क्योंकि विवाह को समस्त गृह्यसूत्रों व संस्कारों का उद्‌गम अथवा केन्द्र माना गया है। वैदिक ऋचाओं तथा गृह्यसूत्रों में आजीवन स्थायी व नियमित विवाह की सराहना की गयी है। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में विवाह संस्कार की काव्यमय अभिव्यक्ति प्राप्त होती है। इस समय विवाह स्वयं एक यज्ञ माना जाता था और जो व्यक्ति विवाह कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश नही करता था, उसे अयज्ञीय अथवा यज्ञहीन कहा जाता था, जो निश्चय ही वैदिक आर्यों की दृष्टि में अत्यन्त निन्दासूचक शब्द था।[6] ऋग्वेद कालीन समाज में परिवार एक मजबूत संस्था के रूप में दृढ़तापूर्वक प्रतिष्ठित हो चुकी थी, जो यौन संबंधों की प्राग्वैवाहिक स्थिति में सम्भव नहीं थी। वैदिक साहित्य में यौन संबंधों की स्वेच्छाचारिता का कोई भी उदाहरण नहीं मिलता। इसका उल्लेख केवल महाभारत में ही प्राप्त होता है।[7] महाभारत में कहा गया है कि अति प्राचीन काल में स्त्रियां स्वतन्त्र तथा अनावृत थीं, वे किसी भी पुरुष के साथ यौन संबंध स्थापित कर सकती थीं, भले ही वे विवाहित क्यों न रही हों।[8] महाभारत में पांडु ने अपनी पत्नी कुंती को नियोग[9] के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पुराने जमाने में विवाह की कोई प्रथा न थी। स्त्री पुरूषों को यौन संबंधों की पूरी स्वतन्त्रता थी।[10] इस प्रथा का अन्त उद्‌दालक के पुत्र श्वेतकेतु ने किया था तथा श्वेतकेतु द्वारा ही भारत में सर्वप्रथम विवाह संस्था की मर्यादा की स्थापना मानी जाती है।[11]

प्राचीन समाज में विवाह की अनिवार्यता के सन्दर्भ में महाभारत से विदित होता है कि जरत्कारू नामक एकनिष्ठ ब्रह्मचारी ने आजीवन विवाह न करने का दृढ़ निश्चय कर लिया था, परन्तु अपने पितरों की दुर्दशा देखकर उसे अपना प्रण तोड़ना पड़ा व नागराज वासुकी की बहन से विवाह कर तत्संबंधी धार्मिक कृत्य किया।[12] तैत्तिरीय ब्राह्मण में कहा गया है कि 'अपत्नीक पुरुष अयज्ञीय अथवा यज्ञहीन है, एकाकी पुरुष अधूरा है व उसकी पत्नी उसका अर्द्धभाग है।'[13] धर्मसूत्रों से विदित होता है कि नैतिक ब्रह्मचारियों की संख्या अत्यन्त परिमित थी तथा अधिकांश युवक विवाह कर गृहस्थ जीवन व्यतीत करते थे। स्मृतियां आश्रम व्यवस्था का पूर्णत: समर्थन कर इस बात का दृढ़तापूर्वक प्रतिपादन करती हैं कि ब्रह्मचर्याश्रम के पश्चात् प्रत्येक पुरुष को अनिवार्य रूप से विवाह करना चाहिए।[14] मनुस्मृति में मनु ने विवाह के प्रधान उद्देश्य धर्म का पालन, पुत्र की प्राप्ति एवं रति-सुख बताए हैं तथा विवाह को देवऋण, ऋषिऋण, पितृऋण, अतिथिऋण और भूतऋण से मुक्ति का मार्ग माना है।[15] अत: इस समय धार्मिक चेतना का विकास होने पर विवाह सामाजिक आवश्यकता ही नहीं रहा, अपितु वह प्रत्येक व्यक्ति का एक अनिवार्य धार्मिक कर्त्तव्य भी समझा जाने लगा।

प्राचीन भारतीय समाज के अतिरिक्त अन्य प्राचीन देशों में भी विवाह को अत्यन्त सम्मानित स्थान प्राप्त था। इजराइल की जनता में भी विवाह का आदर एवं उद्देश्य हिन्दुओं के समान था। यूनान में भी विवाह को अत्यन्त आदर की दृष्टि से देखा जाता था और विवाह को पवित्र संस्कार समझा जाता था। एथेन्स में तो यह भावना इतनी मजबूत हो गई थी कि एक अधिनियम द्वारा नगर के प्रथम शासक को इस बात की देखभाल करने का आदेश दिया गया था कि कहीं कोई वंश उच्छिन्न न हो जाए।[16] प्लूटार्क लिखता है कि स्पार्टा में अविवाहित व्यक्ति अनेक अधिकारों से वंचित कर दिया जाता था और युवक अविवाहित वयोवृद्धों का आदर नहीं करते थे। अन्य प्राचीन राष्ट्रों की भाँति रोमन भी विवाह को अत्यन्त महत्वपूर्ण व पवित्र मानते थे तथा अविवाहित रहना सार्वजनिक दृष्टि से अवांछनीय समझा जाता था, क्योंकि यह राज्य जिसे बहुसंख्यक सहायकों की आवश्यकता थी और परिवार जिसे पितरों व गृहदेवताओं की अविच्छिन्न पूजा के लिए पुत्र अपेक्षित थे, दोनों के लिए समान रूप से हानिकारक था।[17]

विवाह प्रकार : ऋग्वैदिक युग में युवक-युवतियां अपने जीवनसाथी का चुनाव स्वयं करने के लिए स्वतन्त्र थे। ऋग्वेद के सप्तम मण्डल (7.2.5.) में वर्णित **'समन'** उत्सव का वर्णन किया गया है, जिसमें शस्त्र चलानेवाले, अच्छे घुड़सवार, खेल विशेषज्ञ, रथ चलानेवाले, नट व कवि सभी अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन करके पुरस्कार प्राप्त करते थे। इस उत्सव में लड़कियां अपना मनपसन्द पति पाने की आशा में सज-संवर कर जाती थीं।[18] **अथर्ववेद** के अनुसार इस समन उत्सव में भाग लेना कुंवारी कन्याओं के लिए जरूरी गुण माना जाता था। **ऋग्वेद** (7.55.5-8) की एक प्रार्थना से स्पष्ट होता है कि किस प्रकार भागकर विवाह करने के लिए एक पुरुष अपनी प्रेयसी के भाइयों, कुत्तों एवं अन्य संबंधियों को गहरी नींद में सुलाकर अपनी प्रेयसी को लेकर भाग जाने की योजना कर रहा था।[19] गृह्यसूत्र एवं शास्त्रों में विवाह के अनेक प्रकारों का उल्लेख किया गया है। **मानव-गृह्यसूत्र** और **वाराहगृह्यसूत्र** में केवल ब्राह्म तथा आसुर (शुल्क) विवाह प्रकारों का ही उल्लेख है।[20] आश्वलायन गृह्यसूत्र में विवाह के आठ प्रकारों- ब्राह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, आसुर, गान्धर्व, राक्षस और पैशाच का उल्लेख किया गया है।[21] महाभारत युग में चार प्रकार के विवाह प्रकारों- ब्राह्म, गान्धर्व, आसुर और राक्षस का उल्लेख मिलता है। इनमें केवल ब्राह्म विवाह में ही मन्त्रोचार और यज्ञ-कार्य की आवश्यकता होती थी। अन्य तीन प्रकार के विवाह में इन कर्मकाण्डों की आवश्यकता नहीं समझी जाती थी। पाण्डु से माद्री का विवाह करने के लिए मद्रराज ने माद्री के बदले में काफी मूल्यवान वस्तुएं लीं थी। भृगु मुनि के पुत्र रिचिक के साथ कान्यकुब्ज राजगाधी ने अपनी बेटी का विवाह करने के लिए एक हजार तेजस्वी घोड़े की मांग रिचिक से की थी। गालब ने ययाति की पुत्री माधवी से विवाह करने के लिए चार हजार घोड़े दिए थे।[22] महाभारत में गान्धर्व विवाह के अनेक उदाहरण मिलते हैं जैसे- शान्तनु और गंगा, भीम और हिडिम्बा, अर्जुन और उलूपी, दुष्यन्त और शकुन्तला, परीक्षित और सुशोभना इत्यादि। राजकुमारियों के विवाह के लिए स्वयंवर प्रथा ही सबसे अच्छी मानी जाती थी। भीष्म के अनुसार धर्मशास्त्र बनाने वाले कहते हैं कि स्वयंवर सभा में विरोधियों को हटाकर राजकुमारी को जीतकर विवाह करना ही क्षत्रियों के लिए सबसे श्रेष्ठ है। पाण्डव राजा द्रुपद की बेटी द्रौपदी को स्वयंवर सभा से जीतकर लाए थे।[23] इस काल में राजा हो या प्रजा, आर्य व अनार्यों के बीच वैवाहिक संबंध स्थापित होते थे जैसे ब्राह्मणों का विवाह निषाद कन्याओं से हो जाता था। राजा शान्तनु ने अनार्य दास की पुत्री सत्यवती से विवाह किया था।[24] बौद्ध साहित्य **'विनयपिटक'** में दस प्रकार

के विवाह सम्बन्धों जैसे- धनक्खित, छन्दवासिनी, भोगवासिन, पटवासिनी, ओदपत्तकनी, ओभत्तचुंबत, दासीनाम, कामकरी, मुहुत्तिक एवं धजाहत की चर्चा की गयी है। उपरोक्त संबंधों में से छन्दवासिनी को छोड़कर अन्य सभी संबंधों में किसी न किसी प्रकार का वित्तीय विनिमय या पहले से ही स्त्री के अधीनस्थ स्थान का बोध होता है। उपरोक्त में से ओदपत्तकिनी तथा ओभत्तचुंबत कोटि के संबंध किसी प्रकार के उत्सव की ओर इशारा करते हैं।[25]

मनुस्मृति एवं याज्ञवल्क्य स्मृति में भी विवाह के इन आठ प्रकारों का उल्लेख होने के साथ उक्त आठ प्रकारों को दो भागों अर्थात्- प्रशस्त तथा अप्रशस्त में विभक्त किया है। प्रथम चार प्रकार (ब्राह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य) प्रशस्त जिन्हें प्रशंसनीय माना गया है, जिनमें ब्राह्म प्रकार के विवाह को सर्वोत्तम माना गया है। आसुर और गान्धर्व विवाह प्रकार किसी प्रकार वैद्य थे तथा अन्तिम दो राक्षस और पैशाच वर्जित थे। किन्तु यह सभी विवाह प्रकार वैध माने जाते थे तथा जो प्रकार जितना अधिक अप्रशस्त था, वह उतना ही अधिक प्राचीन था।[26] इन विवाह प्रकारों के अतिरिक्त प्राचीन भारतीय समाज में विनिमय-विवाह व सेवा-विवाह आदि विवाह के अन्य प्रकार भी प्रचलित थे, जिनका स्मृतिकारों तथा धर्मशास्त्रियों ने उल्लेख नहीं किया है।[27]

वैवाहिक विधि-विधान : प्राचीन हिन्दू समाज में विवाह संस्कार सम्पन्न करने में अनेक आचारों और विधियों का अनुसरण किया जाता था। वर-वधू का विवाह तय करते समय उनके सामाजिक वर्ग तथा वंश का विशेष ध्यान रखा जाता था, जिनमें बहिर्विवाह (**गोत्र**, **प्रवर**, **पिण्ड**), अन्तर्विवाह (**सवर्ण** और **सजातीय**) एवं अन्तर्जातीय (**अनुलोम** एवं **प्रतिलोम**) विधान प्रमुख थे। ऋग्वैदिक साहित्य में गोत्र, प्रवर व पिण्ड का कोई उल्लेख नही मिलता है। शास्त्रों में बहिर्विवाह की सीमाओं का सर्वप्रथम विस्तार रूप में वर्णन किया गया है। शास्त्रकारों ने एक ही गोत्र, प्रवर और पिण्ड में परस्पर विवाह करना अप्रशस्त माना। मनु ने फूफी, मौसी एवं नानी की कन्या से विवाह करने वाले को नरकगामी कहा है। यदि कोई व्यक्ति सगोत्र कन्या से विवाह करता था, तो उसे अनेक प्रकार के प्रायश्चित एवं व्रत आदि करने पड़ते थे तथा ऐसा व्यक्ति समाज में निन्दनीय माना जाता था।[28] अपरार्क एवं आपस्तम्ब द्वारा सगोत्र कन्या से विवाह करने पर चान्द्रायण व्रत करने की व्यवस्था की गई है तथा समान गोत्र-प्रवरा कन्या से विवाह करने वाले ब्राह्मण को चांडाल उत्पन्न करने वाला कहा गया है[29] पुराणों में ऐसे उदाहरण मिलते हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि सवर्ण विवाह का समाज में अत्यधिक मान और महत्व था। मत्स्यपुराण से विदित होता है कि ब्राह्मण कन्या देवयानी ने कुलोत्पन्न ययाति से गान्धर्व विवाह के लिए प्रार्थना की थी, जिसे उसने सवर्ण न होने के कारण अस्वीकार कर दिया था। जातकों में सर्वप्रथम जाति और कुल एक साथ निवृत हुए हैं।[30]

प्राचीन हिन्दू समाज में प्रचलित विवाह संस्कार के अन्तर्गत यदि वर और वधू की विवाह आयु का अध्ययन किया जाए तो स्पष्ट होता है कि वैवाहिक आयु में वैदिक काल से स्मृति युग तक निरन्तर परिवर्तन देखा जा सकता है। वैदिक युग में एक ओर वर और वधू का विवाह युवावस्था में किया जाता था तथा कन्या और वर जब एक-दूसरे की मन से इच्छा करने में समर्थ होते थे तब विवाह का आयोजन किया जाता था।[31] ऋग्वैदिक काल में अधिकांश लड़कियां कुंवारी रह जाती थीं। इस तरह की लड़कियों को पुत्रिका कहते थे। कभी-कभी वृद्धावस्था में भी स्त्रियों का विवाह होता था जैसे घोषा का विवाह 60 साल की उम्र में हुआ था[32] किन्तु वहीं दूसरी ओर गृह्यसूत्रों के काल में आकर कन्याओं से विवाह की आयु कम होने लगी। हिरण्यकेशी और गोभिल गृह्यसूत्रों के अनुसार विवाह के लिए 'नग्निका' कन्या ही श्रेष्ठ थी।[33] शास्त्रकारों ने प्रायः इस मत को इंगित किया है कि कन्या का विवाह रजोदर्शन अथवा वस्त्र पहनने (लज्जा करने) की अवस्था के पूर्व ही कर देना चाहिए।[34] पराशरस्मृति में आठ वर्ष की गौरी कन्या को विवाह योग्य माना गया है।[35] मनु के अनुसार तीस वर्ष की अवस्था वाला पति बारह वर्ष की आयु वाली सुन्दर कन्या से विवाह करे अथवा शीघ्र विवाह करने वाला पति चौबीस वर्ष की आयु में आठ वर्ष की कन्या से विवाह करे।[36] स्मृति युग में यदि कोई कन्या युवती होने पर तीन वर्ष तक अविवाहित रह जाती थी तब उसे शास्त्रकारों ने अपनी स्वेच्छा से विवाह करने का अधिकार दिया है।[37] प्राचीन भारतीय समाज में बाल विवाह के प्रचलन और प्रोत्साहन के पीछे धर्मशास्त्रकारों का यह दृष्टिकोण था कि अन्तर्वर्णीय और अन्तर्जातीय विवाह न हो तथा अन्तर्वर्णीय वयस्क स्त्री-पुरुष स्वतन्त्रतापूर्वक एक दूसरे से विवाह न कर सके। अतः अभिभावकों ने अपने वंश और परिवार की रक्षा के निमित्त बाल-विवाह को हितकारी मान इसका पालन किया। इसके अतिरिक्त बौद्ध धर्म के प्रभावस्वरूप तीसरी सदी ई0 पूर्व तक भारत का कोई भी ऐसा बौद्ध विहार नहीं बचा रहा, जहाँ बौद्ध भिक्षुणियां अधिक संख्या में न रहीं हों। अनेक अविवाहित स्त्रियां भी प्रव्रज्या ग्रहण कर बौद्ध भिक्षुणी बन गई थी और इस ओर स्त्रियों की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही थी। फलतः धर्मसूत्रकारों और स्मृतिकारों ने इस प्रवृत्ति को अवरूद्ध करने के लिए बाल-विवाह जैसे नियमों का निर्माण किया और इनके लिए विवाह की आयु कम कर दी।[38]

वैदिक साहित्य एवं धर्मशास्त्रों से ज्ञात होता है कि प्राचीन भारतीय समाज में एकलविवाह (एकपतित्व एवं एकपत्नीकता) एवं बहुविवाह (बहुपत्नीकता एवं बहुपतित्व) का प्रचलन था। समाज में एक ओर एकपत्नीकता अथवा एकपतित्व का विशेष महत्व था। आदर्श पुरुष और स्त्री वही कहलाते थे जिनमें स्थायित्व होता था और जिनका एक ही विवाह होता था। ऋग्वेद एवं अथर्ववेद में एक विवाह को आदर्श विवाह कहा गया है[39] किन्तु वहीं दूसरी ओर एकविवाह की महत्ता होने के साथ ही तत्कालीन समाज में बहुविवाह (बहुपत्नीकता एवं बहुपतित्व) के अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं। बहुपतित्व के सन्दर्भ में वैदिक ग्रन्थों से विदित होता है कि उस युग में सम्भवतः एक महिला के अनेक पति हो जाया करते थे, क्योंकि इस युग में अनेक जनजातियां निवास करती थीं, जिनमें एक से अधिक पति से विवाह करने की प्रथा थी। अथर्ववेद में उल्लिखित है कि पचौदन के माध्यम से पत्नी और उसके द्वितीय पति के बीच अविच्छेद्यता की आशा की गई थी।[40] अथर्ववेद के एक स्थान पर एक स्त्री के ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य जातियों में से ब्राह्मण पति को अत्यन्त माननीय कहा गया है।[41] विष्णुपुराण से ज्ञात होता है कि मारिषा के दस पति थे।[42] महाभारत में द्रौपदी का उल्लेख है, जिसके एक से अधिक पति थे। महाभारत के ही अनुसार जटिला गौतमी के सात ऋषि पति थे तथा वार्क्षी से प्रचेता नाम के दस भाइयों ने विवाह किया था। युधिष्ठिर ने बहुपतित्व के संबंध में द्रुपद से यह तर्क किया था कि मेरी मां ने हम पांचों को द्रौपदी का पति बनाया है और यह कार्य परम्परा से चला आ रहा है, जो धर्मसम्मत है[43] किन्तु बहुपतित्व की यह प्रथा हिन्दू समाज में अत्यन्त अल्प थी। धर्म, लोकाचार, सच्चरित्रता और नैतिकता का हिन्दू समाज में इतना अधिक प्रभाव रहा कि इसका समाज में कोई स्थान नहीं हो सका। हिन्दू स्त्री के जीवन का आदर्श और गौरव उसके एकपतित्व में ही निहित था, न कि बहुपतित्व में। धर्मशास्त्रकार मनु की स्वयं अनेक पत्नियां थी। याज्ञवल्क्य की मैत्रेयी और कात्यायनी नामक दो विदुषी पत्नियां थी। पारस्कर का मत है कि ब्राह्मण की तीन पत्नियां (ब्राह्मणी, क्षत्रिय और वैश्य), क्षत्रिय की दो पत्नियां (क्षत्रिय और वैश्य) और वैश्य की एक पत्नी हो सकती है।[44]

इसके अतिरिक्त आपस्तम्ब धर्मसूत्र में एक पुरुष द्वारा ममेरी बहन या फुफेरी बहन से विवाह करना वर्जित बताया गया है, किन्तु इसी ग्रन्थ में एक अन्य स्थान पर कहा गया है कि दक्षिण भारत में ममेरी तथा फुफेरी बहनों के साथ विवाह करना पुरानी परम्परा रही है।[45] बौधायन लिखते हैं कि दक्षिण भारत के बाहर किसी अन्य क्षेत्र में इस प्रकार के वैवाहिक सम्बन्ध बनाना अपराध है, किन्तु दूसरी ओर वे दक्षिण भारत में इस प्रथा का मौन समर्थन करते हैं।[46] अन्य स्मृतिकारों ने भी ममेरी तथा फुफेरी भाई-बहनों का विवाह वर्जित बताया है और उनके द्वारा किसी भी भौगोलिक क्षेत्र को यह छूट नहीं दी गयी है चाहे वे उनके परम्परागत पृष्ठभूमि में आते हों या नहीं।

प्राचीन भारतीय समाज में विवाह संस्कार से जुड़े रीति-रिवाजों में भिन्नता दिखाई देती है। ऋग्वेद में जोड़े गए एक बाद की ऋचा विवाह सूक्त को फिर से व्यवस्थित किया गया और उनमें से सभी का उपयोग नहीं किया गया।[47] वैदिक युग के आरम्भ में विवाह की कोई विशेष रीति प्रचलित नही थी। परस्पर शपथ ग्रहण करके उनका विवाह हो जाता था। ऋग्वेद के (10.42-43) श्लोक के अनुसार पुरोहित वर-वधू से उसी स्थान पर घर बसाकर खुशहाल जिन्दगी बिताने तथा पुत्र, पौत्रों के साथ हंसी-खुशी जीवन-यापन करने की कामना करते हैं।[48] विवाह में रस्मों-रिवाज व शानो-शौकत की शुरूआत अथर्ववेद और गुह्यसूत्र समूह के समय से हुई। अथर्ववेद के अनुसार कन्या को नीली एवं लाल साड़ी पहनाकर घूघंट में विवाह मण्डप तक लाना चाहिए। विवाह पूर्ण होने से पहले वर-वधू एक-दूसरे का चेहरा नहीं देखते थे। विवाह समारोह में ऋग्वेद के काल का शपथ ग्रहण ही अधिक महत्वपूर्ण था। इसके अतिरिक्त मन्त्र व यज्ञ हुआ करता था व लड़की को एक टुकड़ा पत्थर पर खड़ा करने का भी रिवाज था।[49] गुह्यसूत्र समूह के युग में विवाह समारोह का शानो-शौकत काफी बढ़ गया। विवाह संस्कार के अन्तर्गत वर-वधू का एक पत्थर पर चढ़ना, विशेष प्रकार से वर द्वारा वधू का हाथ पकड़ा जाना अथवा वर के द्वारा कन्या को ध्रुवतारा की ओर इंगित करते हुए दिखलाना, इन सभी के प्राचीन भारतीय समाज में उपस्थित प्रकृति एवं पर्यावरणीय तत्वों की अपने जीवन में उपयोगिता एवं महत्व जैसे अनेक निहितार्थ थे। इस समय के बाद से पुरोहितों के द्वारा विवाह संस्कार में केन्द्रीय भूमिका निभायी जाने लगी एवं विवाह के आनुष्ठानिक विधि-विधानों को अब वधू पक्ष के घर में सम्पादित किया जाने लगा था।[50]

सन्दर्भ

1. मिश्र, जयशंकर., प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, शष्ठम संस्करण-2000, पृ0 306.
2. पूर्वोक्त.
3. पूर्वोक्त.
4. वेस्टरमार्ग, दि हिस्ट्री आफ ह्यूमन मैरिज, फॉरगटन बुक न्यूयार्क, 1891, पृष्ठ 26.
5. पाण्डेय, राजबली., हिन्दू संस्कार, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, पुनर्मुद्रित संस्करण- 2006, पृष्ठ 200.
6. पूर्वोक्त, पृष्ठ 195.
7. महाभारत, 1.128., पाण्डेय, राजबली द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 201.
8. पूर्वोक्त.
9. महाभारत : 1.122.3-31., पाण्डेय, राजबली द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 201.
   टिप्पणी- मनुस्मृति में पति द्वारा संतान उत्पन्न न होने पर या पति की अकाल मृत्यु की अवस्था में नियोग ऐसा उपाय है, जिसके अनुसार स्त्री अपने देवर अथवा सम्गोत्री से गर्भदान करा सकती है। इसमें स्त्री की सहमती होनी जरूरी है। यदि पति जीवित है तो वह व्यक्ति स्त्री के पति की इच्छा से केवल एक ही और विशेष परिस्थिति में दो संतान उत्पन्न कर सकता है। इसके विपरीत आचरण प्रायश्चित् के भागी होते हैं।
10. महाभारत : 1.122.3-31., पाण्डेय, राजबली द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 201.
11. सूर, अतुल., भारत में विवाह का इतिहास, रेमाधव पब्लिकेशन प्रा.लि., 2007, पृष्ठ 8.
12. मिश्र, जयशंकर., वही, पृष्ठ 311.
13. मिश्र, जयशंकर., पूर्वोक्त, पृष्ठ 311.
14. पाण्डेय, राजबली., वही, पृष्ठ 197.
15. मनुस्मृति, 9.28., मिश्र, जयशंकर., द्वारा उद्धृत्, वही, पृष्ठ 307.
16. लाइफ ऑफ लिकर्गस, बॉन्स क्लासिकल लाइब्रेरी, भाग 1, पृष्ठ 81., पाण्डेय, राजबली द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 198-99.
17. पाण्डेय, राजबली., पूर्वोक्त, पृष्ठ 199.
18. सूर, अतुल., वही, पृष्ठ 18.
19. सिंह, उपिन्दर., प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास पाषाण काल से 12 वीं शताब्दी तक, पियरसन इंडिया एजुकेशन सर्विसेज प्रा. लि., 2017, पृ0 201.
20. पाण्डेय, राजबली द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 203.
21. आश्वलायन गृह्यसूत्र : 1.6., पाण्डेय, राजबली द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 203.
22. सूर, अतुल., वही, पृष्ठ 26.
23. पूर्वोक्त, पृष्ठ 27.
24. पूर्वोक्त, पृष्ठ 27.
25. वाग्ले, 1966, पृष्ठ 96-98., सिंह, उपिन्दर द्वारा उद्धृत्, वही, पृष्ठ 315.

51. सूर, अतुल., वही, पृष्ठ 36.
26. मनुस्मृति : 3.24-25. पाण्डेय, राजबली द्वारा उद्धृत्, वही, पृष्ठ 203.
27. सूर, अतुल., वही, पृष्ठ 36; पाण्डेय, राजबली, वही, पृष्ठ 203.
28. आपस्तम्ब धर्मसूत्र., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, वही, पृष्ठ 321.,
    मनुस्मृति : 11.171-72., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 323.
29. अपरार्क, पृष्ठ 8, आप., पृष्ठ 116., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 323.
30. मत्स्यपुराण : 30.18., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 338.
31. ऋग्वेद : 10.84.9., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, वही, पृष्ठ 355.
32. सूर, अतुल., वही, पृष्ठ 18-19.
33. हि.गृ.सू. : 1.19.2., गोभिल गृह्यसूत्र : 3.4.6., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, वही, पृष्ठ 355.
34. गौतम धर्मसूत्र : 18. 21-23, बौधायन धर्मसूत्र : 4.1.12-14, वाशिष्ट धर्मसूत्र : 10.70-71, संवर्त स्मृति : 1.67., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, वही, पृष्ठ 356.
35. पराशरस्मृति : 2.21.3., पूर्वोक्त.
36. मनुस्मृति : 9.94., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 356.
37. बौधायन धर्मसूत्र : 4.1.14, मनुस्मृति : 9.89-90., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 356.
38. मिश्र, जयशंकर., पूर्वोक्त, पृष्ठ 360.
39. ऋग्वेद : 10.85.46, अथर्ववेद : 14.2.61., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, वही, पृष्ठ 344.
40. अथर्ववेद : 14.2.1, 9.5.27-29., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 350.
41. अथर्ववेद : 5.17.8.9, मिश्र, पृष्ठ 350., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 350.
42. विष्णुपुराण : 1.15.68., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 350.
43. महाभारत : 1.198.21-30., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 350.
44. पारस्कर गृह्यसूत्र : 1.4.8.11., मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 347.
45. सूर, अतुल., वही, पृष्ठ 46.
46. बौधायन धर्मसूत्र : 1.19-26, मिश्र, जयशंकर द्वारा उद्धृत्, पूर्वोक्त, पृष्ठ 358.
47. राय, ए0., 1994 सिंह, उपिन्दर द्वारा उद्धृत्, वही, पृष्ठ 315.
48. ऋग्वेद :10/42-47, सूर, अतुल., वही, पृष्ठ 21.
49. सूर, अतुल, पूर्वोक्त.
50. सिंह, उपिन्दर., वही, पृष्ठ 315.

Bio-note:

1. **Sampati Negi** (Corresponding author) **:** Completed M.A(History) from B.G.R. Campus Pauri, HNBGU, Srinagar Garhwal, Uttarakhand in 2013 with Gold Medal. Presently she is pursuing Ph.D in History under the supervision of Prof. D.P. Saklani, Dept. of History, HNBGU, Srinagar Garhwal, on ***"गढ़वाल हिमालय में विवाह पद्धति : निरन्तरता एवं परिवर्तन का एक ऐतिहासिक अध्ययन (19 वीं. 20 वीं शताब्दी के सन्दर्भ में)"*** Address- Sampati negi, D/O Shankar singh negi, village- Gad ka mahargaun, post office- Parsundakhal, Pauri Garhwal, Uttarakhand, 246166
2. **D.P.saklani** is Professor of Indian History & Culture in the Department of History, Ancient Indian History, Culture& Archaeology, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University, Srinagar Garhwal, Uttarakhand. He has the experience of more than 26 years of teaching and research. He has published 25 research papers including papers on Ramayana tradition and a couple of books to his credit. He has participated and presented in more than 35 national & international conferences in India and abroad. He has organized a couple of National seminars. He also delivered invited talks on Indian culture including Ramayana tradition in America and Europe. He has successfully completed research on more than five major research projects funded by different government agencies such as ICHR, UGC, Ministry of Culture Government of India and GBPIOHE, Almora. He has guided 10 research scholars for PhD.